JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020
E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

---- ---

2023/04/391–प्रेस विज्ञप्ति — दिनांक: 04.04.2023

व्यापार और जीवन की उहापोह के बीच जयपुरवासियों के लिए जयपुर मेट्रो की यात्री सेवा प्रातः 5:20 से रात्रि 10:21 तक।

जयपुर 04 अप्रैल। जयपुर मेट्रो ने जयपुरवासियो की दैनिक दिनचर्या में ट्रैफिक जाम, रूट परिवर्तन आदि से व्यापार व जीवन व्यापन की उहापोह को देखते हुए खरीदारी व आवागमन की सुगमता हेतु पूर्व में बढाये गये संचालन समय को पुनः जारी रखने का निर्णय लिया है। प्रतिदिन पहली जयपुर मेट्रो ट्रेन बड़ी चौपड़ से मानसरोवर व मानसरोवर से बड़ी चौपड़ की ओर प्रातः 05:20 बजे तथा इसी प्रकार आखिरी मेट्रो ट्रेन दोनो छौर से रात्रि 10:21 बजे तक चलेगी। इस दौरान दिन में कुल 202 फेरे संचालित होगें।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जयपुर मेट्रो श्री पी.रमेश ने बताया कि मेट्रो यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यात्री सेवा के बढे हुए संचालन समय को निरंतर जारी रखने का निर्णय लिया गया है। जयपुरवासी शहर की भीड़भाड, ट्रैफिक जाम और परिवर्तित यातायात व्यवस्था से बचाव हेतु इसका अधिक से अधिक लाभ उठायें।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो